Patrika (Indore), 29th February 2020, Patrika Plus, P-16

# आइआइटी इंदौर

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर की ओर से शुक्रवार को एक प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना था।

आयोजन का शुभारंभ प्रभारी डॉ. संतोष कुमार विश्वकर्मा ने किया। इसमें 75 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 'फिजिक्स ऑफ डेली लाइफ' विषय पर जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत प्रकाश के प्रकीर्णन और आंतरिक परावर्तन के सिद्धांत को आकर्षक ढंग से समझाया। डॉ. राजेश कुमार ने अंतरिक्ष में गैलेक्सी और स्टार्स की कार्यप्रणाली को चंद्रयान-2 के मॉडल के जरिए बताया। डॉ. मनोनीता ने ब्लैक होल के सिद्धांत को स्पष्ट किया। इसके अलावा डॉ. संजय कुमार सिंह ने केमिकल इल्यूजन के बारे में जानकारी दी, जिससे रोचक ढंग से रसायन विज्ञान को समझा जा सके। गणित विभाग से डॉ. अशिशा कुमार ने संख्याओं के जादू के बारे में बताया।